**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3181**

**जिसका उत्तर 21 दिसंबर, 2023 को दिया गया**

**उच्चशक्ति परीक्षण केंद्र सुविधा**

**3181. श्रीमती अपराजिता सारंगी:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उच्चशक्ति प्रयोगशाला, बंगलुरु स्थित सिंथेटिक परीक्षण-केन्द्र के आधुनिकीकरण के लिए कोई सहायता प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उच्च शक्ति प्रयोगशाला, बंगलुरु में उक्त परीक्षण केन्द्र के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** जी हां। विद्युत मंत्रालय द्वारा दिनांक 21 जनवरी, 2022 को केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) को "हाई पावर लैबोरेट्री, बेंगलुरु में मौजूदा सिंथेटिक परीक्षण सुविधा का आधुनिकीकरण" नामक एक परियोजना घटक को मंजूरी दे दी गई थी। परियोजना घटक का परिव्यय 40.00 करोड़ रुपये है।

**(ग) :** संस्वीकृति आदेश के अनुसार, परियोजना पूरी होने की अवधि पहली किस्त जारी होने की तिथि से 36 महीने है। तथापि, निम्नलिखित कारणों से सीपीआरआई द्वारा परियोजना शुरू नहीं की जा सकी:-

(i) कोई भी प्रतिष्ठित विक्रेता परियोजना के लिए आवश्यक उपकरण निर्मित करने के लिए तैयार नहीं था।

(ii) मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) और अन्य संभावित प्रतिष्ठित वैश्विक विक्रेताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

(iii) रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत की गई थी और कई विस्तारों के बावजूद कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

*************